वर्ष- 2 , अंक- 352
छपरा
6 अक्टूबर गुरूवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### असम में सातवीं क्लास की छात्रा का गैंगरेप, बाइक पर किडनैपिंग



**असम,एजेंसी।** असम के तिनसुकिया जिले में स्कूली छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। नाबालिग स्कूल से वापस घर जा रही थी तभी तीन व्यक्तियों ने उसे किडनैप कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित की हालत गंभीर है।

**अब जानिए क्या हुआ-** नाबालिग सातवीं कक्षा की छात्रा है। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे जब वह स्कूल से अपने घर लौट रही थी, तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने उसको किडनैप कर लिया। आरोपी उसे एक चाय बागान में ले गए और वहां उसका सामूहिक बलात्कार किया। इसके बाद आरोपी उसे सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए । स्कूल खत्म होने के बाद जब लड़की तय समय पर घर नहीं पहुंची,तब परिवार ने उसको ढूंढना शुरू किया। शाम करीब 5 बजे एक ई-रिक्शा ड्राइवर ने परिवार को सूचना दी कि उसने लड़की को एक चाय बागान के पास सड़क किनारे पड़ा देखा है।

### आर्मी चीफ बोले- आज कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं


#### साझा इनोवेशन ही सुरक्षा कवच

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा- रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है।

जनरल द्विवेदी मंगलवार को दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा- सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6G और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो नागरिक और सैन्य दोनों जगह उपयोगी हों।

#### राहुल बोले- हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी

# राज्य के 5 लोगों को मंच पर बुलाया सभी बोले- हमारे नाम वोटर लिस्ट से काटे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर कल वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट काट दिए गए हैं। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था। बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल ने कहा कि इलेक्शन के दो दिन बाद सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियााणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।

राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। कहा ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले।

### भाजपा बोली- वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी

## छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं ; कहते हैं एटम बम फटेगा, बम फटता क्यों नहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा- राहुल ने जो प्रजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा- हम भी कई चुनाव हारे, लेकिन कभी रोना-धोना नहीं किया। हमने चुनाव आयोग को गाली नहीं दी। हमने हमेशा नतीजों का स्वागत किया। बिहार में कल चुनाव है। वे ध्यान भटकाने के लिए मुद्दा लेकर आ रहे हैं। राहुल बोलते हैं कि एटम बम फटने वाला है। उनका एटम बम कभी फटता क्यों नहीं है?

**राहुल ने कहा- हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी :** राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में आज 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट काट दिए गए हैं।

राहुल ने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था। बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके।

### बिहार चुनाव :एफआईआर पर ललन की सफाई,कहा- राजद ने भ्रामक वीडियो पोस्ट किया,चुनाव आयोग निष्पक्ष

**नई दिल्ली/पटना,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और JDU नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने बुधवार को अपने ऊपर FIR पर सफाई दी। ललन सिंह ने कहा- चुनाव आयोग निष्पक्ष है। आयोग के निर्देश पर मेरे खिलाफ FIR दर्ज की गई है तो मैं इसका सम्मान करता हूं। ललन सिंह ने कहा- RJD ने भ्रामक वीडियो पोस्ट किया। मोकामा के जिस गांव में वीडियो बनाया गया, वहां एक राजद नेता गरीबों को धमकाते हैं। उन्हें बूथ पर नहीं जाने के लिए डराते हैं। इसलिए मैंने कहा था कि अगर नेता गरीबों को धमकाएं, तो गांव के लोगों को उन्हें घर में बंद कर देना चाहिए। चुनाव आयोग ने मंगलवार को आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में ललन सिंह के खिलाफ पटना में FIR दर्ज कराई थी। RJD ने उनका एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वे लोगों से कह रहे थे- यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा।

# उप्र के मीरजापुर में ट्रेन की चपेट में आकर 6 महिलाओं सहित 8 श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल



**मीरजापुर,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में बुधवार सुबह चुनार रेलवे स्टेशन पर बड़ा रेल हादसा हो गया। नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें 6 महिलाएं हैं। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

घटना सुबह करीब 9:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर हुई। बताया जा रहा है कि चोपन से आई पैसेंजर ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते भीड़ अधिक होने से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म की ओर न उतर कर दूसरी तरफ ट्रैक से नीचे उतरने लगे। तभी तेज रफ्तार से आई नेताजी एक्सप्रेस उसी ट्रैक से गुजर गई। श्रद्धालु कुछ समझ पाते, इससे पहले ही ट्रेन ने कई लोगों को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर दिल दहला देने वाला मंजर था। रेलवे ट्रैक पर चारों ओर लोगों के शव बिखर गए। शवों के टुकड़ों को पुलिस ने बड़ी मशक्कत से समेट कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल यात्रियों को तुरंत जिला अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में अधिकांश कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा घाट जा रहे श्रद्धालु बताए जा रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष मिश्रा ने बताया कि इस हादसे में 6 महिला मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिव कुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्व. मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री, कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा जनपद सोनभद्र हैं। अन्य मृतकों की पहचान करने के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू कराया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बिलासपुर ट्रेन हादसाः11 यात्रियों की मौत, 20 घायल

**बिलासपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हुए भीषण ट्रेन हादसे में अब तक 11 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मंगलवार तक यह आंकड़ा 8 था। वहीं 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं 11 में से 1 महिला की शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों में बिलासपुर के लोग ज्यादा हैं। हादसा मंगलवार को उस समय हुआ, जब गेवरा मेमू लोकल ट्रेन बिलासपुर स्टेशन के आउटर पर अपनी रफ्तार से आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान सामने मालगाड़ी खड़ी थी और दोनों ट्रेनों में टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने तेज ब्रेक लगने की आवाज और फिर जोरदार धमाका सुना। कुछ यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। राहत और बचाव दलों ने गैस कटर से बोगियां काटकर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। देर रात तक रेस्क्यू अभियान जारी रहा। घायल यात्रियों का इलाज रेलवे अस्पताल, सिम्स और अपोलो अस्पताल में चल रहा है। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन शुरुआती जानकारी के अनुसार ऑटो सिग्नल फेल होने की आशंका जताई जा रही है।



### देवरिया में टला बड़ा हादसा : सरयू नदी में श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, बाल-बाल बचे सभी यात्री



**देवरिया,एजेंसी।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर बरहज नगर के थानाघाट के सामने बुधवार की सुबह करीब नौ बजे सरयू नदी में श्रद्धालुओं से भरी छोटी नाव अचानक पलट गई। नाव पर करीब 13 लोग सवार थे, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। अधिक लोगों के सवार हो जाने से असंतुलित होकर पलट गई। इस दौरान लोगों में चीख पुकार मची रही।

लोगों ने बताया कि थानाघाट के सामने चार धारा बह रही है। एक धारा की तरफ नाव में सभी लोग सवार हो गए। अभी नाव करीब 50 मीटर दूर गई थी कि असंतुलित होकर पलट गई। संयोग अच्छा रहा कि घटना स्थल पर नदी का पानी लगभग चार फीट गहरा था, जिसके कारण किसी की जान नहीं गई। नाव पलटते ही वहां चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मौके पर पहुंची बरहज पुलिस ने भी राहत कार्य में मदद की। लोगों की सक्रियता से बड़ी दुर्घटना टल गई। नाव में सवार श्रद्धालुओं के कपड़े, मोबाइल, पैसे और पूजन सामग्री सहित कई सामान पानी में डूब गए। हादसे के बाद श्रद्धालु चीख पुकार मची रही। लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि कार्तिक पूर्णिमा जैसे अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए सरयू तट पर आते हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए।

### पटना में पहले मौत दौड़ती थी,अब दौड़ रही मेट्रो ट्रेन

# बांका में राजनाथ सिंह बोले-राजद हर बार नौकरी देने का वादा करती है, पूरा नहीं करती

#### श्रेयसी सिंह के समर्थन में राजनाथ सिंह की सभा




**पटना,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बांका में आज चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, बिहार का भविष्य तय करने का समय आ गया है। जिसका दामन साफ होगा, वहीं बिहार को विकसित राज्य बना सकता है। अब फैसला जनता को करना है कि वह बिहार को विकास के रास्ते पर ले जाना चाहती है या फिर जंगलराज की ओर। रक्षा सिंह ने विपक्ष पर झूठे वादों का आरोप लगाते हुए कहा कि राजद सरकार हर बार नौकरी देने का वादा करती है, लेकिन उसे कभी पूरा नहीं करती। बिहार अब बदल चुका है, जनता विकास की बात करती है, धमकी की नहीं। पटना में पहले मौत दौड़ती थी, अब मेट्रो ट्रेन दौड़ने लगी है।

साथ ही रक्षा मंत्री ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवादियों ने भारत में लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा। लेकिन हमने धर्म नहीं, कर्म देखकर ही मारा। राजनाथ सिंह ने कहा, भारत ऐसा देश है, जहां औरतें चींटी भी नहीं मारती, बल्कि उसके लिए अलग से आटा निकाल देती है। उन्होंने श्रेयसी सिंह की प्रतिभा की तारीफ करते हुए कहा कि यह जमुई का नाम सिर्फ राज्य नहीं देश और दुनिया में रोशन कर रही है। सभा को यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सलभमणि त्रिपाठी, प्रत्याशी श्रेयसी सिंह के अलावा अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मंच की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शैलेंद्र महतो कर रहे थे, जबकि संचालन की जिम्मेवारी भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा केसरी संभाल रहे थे।

### अक्षरा सिंह ने तेजप्रताप से मांगी एक कट्ठा जमीन,बोले-दे देंगे

#### भरी सभा में जयचंद के नाम का खुलासा किया; तेजस्वी ने की सबसे ज्यादा सभाएं



**पटना,एजेंसी।** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह मंगलवार को तेजप्रताप के सपोर्ट में उतरीं। वो महुआ पहुंची और तेजप्रताप यादव के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने मजाकिया लहजे में तेजप्रताप से कहा कि, अगर आप जीत जाएंगे तो यहीं पर मुझे एक कट्ठा जमीन दे दीजिएगा। तेजप्रताप ने जवाब दिया बिल्कुल देंगे।

**तेजप्रताप बोले- मुकेश रोशन जयचंद है :** तेजप्रताप यादव ने 5 जयचंदों में से एक जयचंद के नाम का खुलासा किया है। महुआ में प्रचार के आखिरी दिन यानी मंगलवार को तेजप्रताप ने कहा कि, मुकेश रोशन भी जयचंद है। मुकेश रोशन महुआ से राजद कैंडिडेट हैं। तेजप्रताप ने बताया कि, लालू यादव की तबीयत खराब है, उसका फायदा उठाकर उनकी जानकारी के बिना मुकेश रोशन को टिकट दिया गया है।

**तेजस्वी ने की सबसे ज्यादा 83 सभाएं :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार की शाम समाप्त हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरीय नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने मिलकर जितनी सभाएं (कुल 15) कीं, उतनी अकेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। प्रधानमंत्री ने 15 सभा और एक रोड शो किया।



# बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी तापमान शून्य, भक्तों की भीड़

#### 15.90 लाख लोगों ने किए दर्शन; 25 नवंबर को बंद होंगे कपाट

**चमोली,एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में बुधवार सुबह नंवबर की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढक गया, जिससे धाम का नजारा बेहद मनमोहक दिखाई दिया।मौसम में आए अचानक बदलाव से तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्त 'जय बद्री विशाल' के जयकारों के साथ भगवान बद्रीनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे।

इस साल अब तक 15 लाख 90 हजार 550 लोग बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं। बद्रीनाथ के कपाट 25 नवंबर 2025 को दोपहर 02:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस साल कपाट बंद होने की तिथि विजयदशमी पर तय की गई थी।

### मौसम विभाग- आने वाले दिनों में और होगी बर्फबारी

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम के साथ यात्रा करने की अपील की है।

बर्फ से ढके बद्रीनाथ धाम का दृश्य देखने के लिए पर्यटक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे धाम क्षेत्र में रौनक बढ़ गई है। इससे पहले अक्टूबर 6 और 7 को बर्फबारी हुई थी।

इससे पहले 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले गए थे। तब एक दिन में दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी दौरान गढ़वाल राइफल्स के बैंड ने पारंपरिक धुनें बजाई थी।

# हरियाणा के झोटे की राजस्थान में 21 करोड़ कीमत,पुष्कर मेले में छाया कुबेर

### अंग्रेज ले रहे सेल्फी; सबसे महंगा मुर्रा नस्ल का झोटा बना

**फतेहाबाद,एजेंसी।** पिछले दिनों कुरुक्षेत्र के 9 करोड़ी युवराज की मौत की खबर ने जुनूनी पशु प्रेमियों को गम से भर दिया। मुर्रा नस्ल के इस झोटे को हरियाणा का सबसे कीमती मवेशी होने का गौरव था। अब युवराज की मौत के बाद रिक्त हुए स्थान को फतेहाबाद के कुबेर ने भर दिया है। राजस्थान के पुष्कर मेले में इंट्रोड्यूस किए गए कुबेर की कीमत 21 करोड़ रुपए लगी। हालांकि, मालिक विकास भांभू ने साफ कर दिया कि कोई 50 करोड़ भी देगा तो वह कुबेर का सौदा नहीं करेंगे।

फतेहाबाद जिले के नाढ़ोडी गांव के किसान विकास भांभू अपने मुर्रा नस्ल के झोटे कुबेर को लेकर राजस्थान के अजमेर जिले स्थित पुष्कर मेले में गए। वहां आंध्र प्रदेश के पशु व्यापारियों ने उसकी कीमत 21 करोड़ रुपए लगाई। विकास ने कहा कि यह झोटा शान है, इसे नहीं बेचेंगे। अब इसके सीमन बेचेंगे। विकास 10 एकड़ में खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। साथ में पशुपालन भी करते हैं।

पुष्कर मेले में हुई पशुओं की प्रतियोगिता में झोटे कुबेर ने पहला स्थान प्राप्त किया। अब राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से बुधवार को झोटे कुबेर और उसके मालिक विकास भांभू को सम्मानित किया जाएगा। मेले में कुबेर ऐसा छाया है कि विदेशी पर्यटक उसके साथ सेल्फी लेने को आतुर दिखे, खासकर महिला पर्यटक।



### सीमन बैंक में रखेंगे कुबेर, प्रदेश में बढ़ेगी नस्ल सुधार की उम्मीद

पशुपालक विकास भांभू ने बताया कि वह कुबेर झोटे को बेचने के बजाय सीमन बैंक में रखेंगे, ताकि उससे उच्च गुणवत्ता वाला सीमन तैयार कर पशुपालकों को वाजिब दामों पर उपलब्ध कराया जा सके। इससे उन्हें हर महीने लाखों रुपए की आय भी होगी और आसपास के इलाकों में मुर्रा नस्ल के सुधार में मदद मिलेगी।

**सीमन बुकिंग के लिए आने लगी कॉल-** विकास भांभू बताते हैं कि कुबेर झोटे की 21 करोड़ रुपए की कीमत लगने के बाद हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से सीमन की बुकिंग के लिए उनके पास लगातार कॉल आ रही हैं। वह

# उत्पाद विभाग ने 68 लीटर देसी शराब की जब्त:3 तस्कर गिरफ्तार, 2 बाइक सीज; 16 शराबी भी पकड़े गए

**अररिया,एजेंसी।** अररिया में उत्पाद विभाग ने भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन अलग-अलग स्थानों से कुल 68 लीटर देसी शराब बरामद की गई।

इस दौरान तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। इसके अतिरिक्त, शराब सेवन के आरोप में 16 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

**31.2 लीटर देसी शराब जब्त :** पहली कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा पर कुचहा एसएसबी और उत्पाद चौकी कुआड़ी की संयुक्त टीम ने धाता गांव के पास की। यहां एक बाइक पर लदी 31.2 लीटर देसी शराब जब्त की गई। हालांकि, तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। शराब और बाइक मालिक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

**36.80 लीटर नेपाली देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार:** दूसरी कार्रवाई बसमतिया थाना क्षेत्र में फुलकाहा एसएसबी और फुलकाहा उत्पाद जांच चौकी की टीम ने बेला बॉर्डर पर की। यहां बसमतिया रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी गौतम कुमार दास को



36.80 लीटर नेपाली देसी शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया गया। तीसरी कार्रवाई नरपतगंज थाना क्षेत्र में हुई। बंगाली टोला के समीप जांच के दौरान बाइक सवार संजय मंडल और सुनील मंडल (दोनों नरपतगंज प्रखंड के पलासी निवासी) को एक लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**3 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाइक जब्त:** उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने बताया कि तीन स्थानों पर की गई छापेमारी में कुल 68 लीटर शराब, तीन आरोपी और दो बाइक जब्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अग्रिम जांच चल रही है। वहीं, उत्पाद विभाग ने जिले के विभिन्न इलाकों से शराब के नशे में धुत 16 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया। ये गिरफ्तारियां नगर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर, शिवपुरी, बिन टोला, ओमनगर; नरपतगंज के बंगाली टोला; कुआड़ी, सोनामनी, जोगबनी, फुलकाहा और सिकटी जांच चौकियों से की गईं। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया गया। यह विशेष अभियान सीमा पार शराब तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध शराब कारोबार करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।पूरे लहेरियासराय क्षेत्र में पुलिस ने नाकेबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।

## गोगरी में पुलिस का सघन जांच अभियान:वाहनों की तलाशी ली गई, यातायात व्यवस्था का पालन न करने वालों पर कार्रवाई



**खगड़िया,एजेंसी।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को खगड़िया जिले के गोगरी शिव मंदिर के निकट सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर गोगरी अनुमंडल और बेलदौर विधानसभा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखा। यह अभियान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। इस अभियान के तहत दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस ने हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात और प्रदूषण प्रमाण पत्र की बारीकी से जांच की। चार पहिया वाहनों की डिक्की की भी तलाशी ली गई, ताकि कोई आपत्तिजनक सामान न ले जाया जा सके। बिना हेलमेट और कागजात के पाए गए कई बाइक चालकों पर जुर्माना लगाया गया, जबकि कुछ चालकों को मामूली कागजात की कमी के लिए चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। गोगरी थाना अध्यक्ष तरुण कुमार पांडे ने बताया कि 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान को लेकर यह जांच अभियान पूरे दिन सख्ती से जारी रहेगा। इसका उद्देश्य निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की बाधा को रोकना है। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि वाहन चालकों के कागजात में किसी भी तरह की त्रुटि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल शिक्षक की मौत:पटना में इलाज के दौरान तोड़ा दम, पिकअप ने बाइक में मारी थी टक्कर

**जमुई,एजेंसी।** जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षक की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना जमुई जिले के चौड़ीहा के पास हुई थी। मृतक की पहचान सिकंदरा प्रखंड के कोनन गांव निवासी 52 वर्षीय अनिल कुमार सिंह के रूप में हुई है। उनका शव बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। अनिल कुमार सिंह बांका के चांदन प्रखंड स्थित गौरी अंबा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षक थे। 1 नवंबर को वे छुट्टी पर अपने घर लौट रहे थे।



**पिकअप ने बाइक में मारी थी टक्कर :** उनके बेटे अविनाश कुमार ने बताया कि ऑटो से उतरने के बाद वे बाइक पर अपने पिता को बैठाकर घर की ओर सड़क पार कर रहे थे। तभी पश्चिम दिशा से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में शिक्षक अनिल कुमार सिंह और उनके बेटे अविनाश दोनों घायल हो गए। परिजन ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना में इलाज के दौरान मंगलवार देर रात करीब 10 बजे अनिल कुमार सिंह की मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

**आवेदन के आधार पर कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलने के बाद सिकंदरा थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सिकंदरा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मृतक के परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भोजपुर में 11 साल के बच्चे की मौत:घर से घूमने के लिए निकला था, पोखर में डूबने से गई जान, पैर फिसलने से हादसा

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में पोखर में डूबने से 11 साल के बच्चे की मौत हो गई। 5वीं क्लास में पढ़ता था। मृतक की पहचान सकड्डी गांव के वार्ड नंबर 7 निवासी मदन कुमार राय के पुत्र प्रिंस कुमार के तौर पर हुई है। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र की है। मृतक के दादा उमेश कुमार यादव ने बताया कि करीब साढ़े आठ बजे घर से निकला था। इस दौरान गांव स्थित डालडा फैक्ट्री के पास फैर फिसलने से पोखर में डूब गया। कुछ देर के बाद स्थानीय ग्रामीणों से हादसे की सूचना मिला। परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे। पानी से उसे बाहर निकाला। संतुष्टि के लिए पीएचसी लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



**घर में मचा कोहराम :** मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में मां पिंकी देवी, बहन प्रियंका और भाई युवराज है। इस घटना के बाद परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्धावस्था में मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत मंगलवार देर रात यूरोपियन कॉलोनी में पति, पत्नी और बेटी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक यह पूरी घटना पूर्णिया जिले के खजांची हाट थाना के यूरोपियन कॉलोनी की बताई जाती है। घटना के संबंध में मृतक नवीन कुशवाहा के छोटे भाई व जदयू नेता निरंजन कुशवाहा ने बताया कि, %%देर रात घर में ही बेटी का सीढ़ियों से पैर फिसला, जिसके बाद उसे बचाने गए पिता संभल नहीं पाए और गिर गए। इस हादसे को देख उनकी पत्नी भी सदमे में चली गई और अस्पताल में दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि, मृतक नवीन कुश वाहा पूर्णिया जिले के बड़े व्यवसायी थे और बसपा पार्टी के पूर्व लोकसभा उम्मीदवार रह चुके थे। हादसे में उनकी पत्नी कंचन माला और बेटी तनु प्रिया की मौत हुई है। मृतक की बेटी मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी और चौथे सत्र की छात्रा थी। एसपी स्वीटी सिंह ने बताया कि सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया। तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। डॉक्टर ने कहा कि यह सामान्य मौत जैसा प्रतित नहीं हो रहा है। डॉक्टर ने बताया कि, सबसे पहले तनु प्रिया को यहां लागा गया

## मुजफ्फरपुर में फरदो नाले से युवक का शव बरामद :नशे की हालत में गिरने से मौत की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा ; जांच में जुटी पुलिस



**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में फरदो नाले में एक युवक का शव मिल है। पानी में मुंह के बल गिरा हुआ था। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पहुंची। शव को बाहर निकाला। घटना काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के छाता चौक की है।स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक वार्ड नंबर 26 के स्पीकर चौक इलाके का रहने वाला था। अक्सर नशे की हालत में इधर-उधर घूमते रहता था। नशे की हालत में पानी में गिरने से मौत की आशंका है।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं:** थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद ने बताया कि मृतक की पहचान की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। ', जबकि चौथे की तलाश जारी है। , उसके बाद कंचन माला को लेकर आएं। आधे घंटे बाद नवीन कुशवाहा को अस्पताल में लाया गया , नवीन के गले में निशान था। थोड़ी देर बाद एक-एक तीनों की मौत हो गई। दुर्गा पासवान का स्थानीय स्तर पर कुछ संदिग्ध तत्वों से संपर्क होने की जानकारी मिली है। मोबाइल डाटा और कॉल डिटेल्स की भी जांच कर रही है।

**जांच में जुटी पुलिस:** आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है। मामला संदिग्ध है। छानबीन की जा रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के किनारे सुरक्षा दीवार और ग्रिल लगाई जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।स्थानीय सूत्रों का कहना है कि बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था लंबे समय से कमजोर बताई जा रही थी। कई बार अंदर अनुशासनहीनता और कर्मियों की लापरवाही की शिकायतें सामने आती रही हैं।

## दरभंगा में हथियार के साथ युवक गिरफ्तारःघर से लोडेड देसी कट्टा बरामद

**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा के बिरौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार देर शाम एक युवक को को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कोइलाजन निवासी विंदे पासवान के पुत्र दुर्गा कुमार पासवान के तौर पर हुई है। तलाशी के दौरान एक कट्टा मिला है।



थानाध्यक्ष चंद्र मणि ने बताया कि देर शाम हाटी-पिपड़ा मार्ग पर वाहन जांच अभियान चला रहा था। नेतृत्व एसआई शशि भूषण रजक कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक बाइक से वहां से गुजर रहा था। पुलिस को देखते ही वह घबरा गया और बाइक लेकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने तुरंत उसे दबोच लिया।

तलाशी के दौरान मोबाइल से देसी कट्टे का फोटो मिला। इस पर पुलिस को शक हुआ और उससे पूछताछ की गई। उसने स्वीकार किया किअपने घर के अलमीरा में एक लोडेड देशी कट्टा छिपाकर रखा है। इसके बाद पुलिस टीम उसके घर पर पहुंची और हथियार को बरामद कर लिया।

**आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी:** थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी का किसी आपराधिक गिरोह से संबंध तो नहीं है और हथियार कहां से लाया गया। इसकी जांच की जा रही है।

## गंगा स्नान करने आई महिला का सामान चोरी :2 चोरों ने 500 मीटर घूमाया, सोने के गहने और कैश पर किया हाथ साफ

**पटना,एजेंसी।** पटना के कोतवाली इलाके के GPO के आसपास एक बुजुर्ग दंपत्ति का सामान चोरी हो गया। लटा गांव के पौथू रफीगंज की रहने वाली बिंदु देवी अपने दिव्यांग पति नागेंद्र शर्मा के साथ गंगा स्नान करने के लिए सुबह में ट्रेन से पटना आई थीं। उनकी बेटी भी दीघा के 90 नंबर गेट के पास रेंट पर रहती है। उसी के पास आज रात में रुकने के लिए स्टेशन से बाहर ऑटो पकड़ने वाले थे। इसी बीच दो शातिर उनके पीछे लग गए। बिंदु देवी ने बताया कि स्टेशन से बाहर कुछ दूर बढ़ने के बाद सड़क पर एक अज्ञात युवक आया और कहने लगा 5000 रुपए गुम हो गए हैं। इसी दौरान एक और युवक आ गया।



दोनों आपस में रुपए खोजने के बहाने पहले पैदल चलाया। फिर पास में फुटपाथ पर बैठाकर जो गहने बिंदु देवी पहनी थीं, वो उनके बताए अनुसार अपने बैग में उतारकर रख लीं। फिर दोबारा से एक युवक आया और कहने लगा चलो रुपए मिल गए। दोनों वहां से चले गए। उन्होंने बताया कि तब मैं दोबारा अपने गहने पहनने के लिए बैग खोली तो गायब थे।

**2000 कैश, 2 सोने की कानबाली और लॉकेट चोरी:**नगेंद्र शर्मा ने बताया कि मैं घर से नहीं आ रहा था। लेकिन पत्नी बिंदु देवी गंगा स्नान की जिद करने लगी इसलिए चला आया। एक पैर से दिव्यांग हूं, दवा वगैरह भी चलता है। ऐसे में 2000 रुपए कैश अपनी पेंट के नीचे की पॉकेट में रखा था वो भी गायब हैं। भाड़े के लिए भी रुपए नहीं हैं। बिंदु देवी ने बताया कि उनकी दो कानबाली, एक लॉकेट चोरी हुआ है।

## खगड़िया में 10 लाख रुपए, कट्टा-कारतूस बरामद

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छापेमारी, एक गिरफ्तार

**खगड़िया,एजेंसी।** खगड़िया में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में, गोगरी पुलिस और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने उसरी गांव में छापेमारी कर एक लाख रुपए नगद, एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। खगड़िया एसपी राकेश कुमार के निर्देश पर हुई इस छापेमारी के दौरान, अनिल यादव के घर से ये सामग्री मिली। पुलिस ने मौके से घर में सो रहे विवेकानंद यादव और विभूति यादव को हिरासत में लिया।



**आरोपी को भेजा गया जेल:** थानाध्यक्ष तरुण कुमार पांडेय ने बताया कि पूछताछ में दोनों बरामद रुपए और हथियार के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब या कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इस मामले में गोगरी थाना कांड संख्या 287/25 दर्ज की गई है। आरोपी विवेकानंद यादव को जेल भेज दिया गया है, जबकि विभूति यादव को वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पीआर बांड पर मुक्तह्ठ कर दिया गया।

**9 लाख रुपए बरामद:** पुलिस ने छापेमारी के दौरान पड़ोसी सुनील यादव के घर की भी तलाशी ली, जहां से नौ लाख रुपए नगद बरामद हुए। सुनील यादव भी इन पैसों के स्रोत के संबंध में कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। मौके पर पहुंचे गोगरी सीओ दीपक कुमार ने बरामद रकम जब्त कर वरीय पदाधिकारियों को सूचना दी। सुनील यादव को भी पूछताछ के बाद पीआर बांड पर रिहा कर दिया गया। चुनावी आचार संहिता के अनुपालन को लेकर की गई इस कार्रवाई से इलाके में चर्चा तेज है। पुलिस की इस सख्ती को लेकर स्थानीय लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

## भोजपुर में संजू हत्याकांड में तीन गिरफ्तार :जुआ खेलने के दौरान पैसों को लेकर विवाद हुआ था, फायरिंग में 2 लोग घायल हुए थे



**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर के बिहिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। संजू हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से वारदात में इस्तेमाल 2 बाइक भी बरामद हुआ है। पावर हाउस के पास जुआ खेलने के दौरान विवाद हुआ था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिनगी गांव निवासी लड्डू उर्फ विशाल उर्फ राकेश कुमार यादव, दीपक कुमार और मनु कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीनों इस कांड के प्राथमिकी आरोपित हैं। इनमें से दीपक कुमार और लड्डू उर्फ विशाल उर्फ राकेश कुमार का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

**डॉक्टर ने पटना रेफर किया था:** 20 अक्टूबर (दीवाली की रात) को बिहिया पावर हाउस के पास जुआ खेलने के दौरान पैसे को लेकर गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें धरहरा मुसहर टोली निवासी जट्टा राम के पुत्र गणेश कुमार (25) और संजू कुमार (16) गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया था, जहां से संजू को हालत गंभीर होने पर पटना रेफर किया गया था। 24 अक्टूबर की शाम इलाज के दौरान संजू की मौत हो गई थी। घायल गणेश कुमार के बयान पर तीन अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। अनुसंधान में तीनों की पहचान सामने आई थी, जो घटना के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में कुल चार लोग शामिल थे, जिनमें से तीन गिरफ्तार हो चुके हैं।

## कदमकुआं के दलदली रोड मे घटना, अफरातफरी मची:100 साल पुरानी धर्मशाला की दीवार गिरी, 4 लोग फंसे, सीढ़ी लगा निकाला

**पटना ,एजेंसी।**

कदमकुआं के दलदली रोड में 100 साल पुरानी धर्मशाला की दीवार भरभरा कर गिर गई। सीढ़ी से लगी दीवार गिरने से नीचे उतरने का रास्ता बंद हो गया। इससे अफरातफरी मच गई। एक ही परिवार के चार लोग फंस गए। सूचना मिलने पर डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम टीम के साथ पहुंचे। फायर ब्रिगेड का दस्ता भी पहुंच गया। फायर कर्मियों ने बाहर से सीढ़ी लगाकर चंदन साह, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी और शीला देवी को बाहर निकाला। करीब एक घंटा तक ये लोग मकान में फंसे रहे। डीएम ने इस पुराने भवन को बुधवार को ही तोड़ने का आदेश दिया। डीएम ने कहा कि इस भवन के रहने से कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। उस मकान के आसपास स्थानीय लोगों को जाने से मना किया गया। नीचे का रास्ता बंद होने की वजह से अंदर फंसे चंदन साह, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी और शीला देवी जोर-जोर से बचाओ-बचाआ चिल्लाने लगे। लोगों ने फौरन स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके बाद प्रशासन बचाव दल को लेकर



आया। फायर कर्मी भी पहुंचे। सीढ़ी लगा कर सभी को बाहर निकाल लिया गया। धर्मशाला काफी पुराना होने के कारण जर्जर हो गई है। काफी दिनों से मरम्मत नहीं होने से सभी दीवारों में दरार आ गई है। एक दरार वाली दीवार गिर गई। जिसकी कीमत तकरीबन 1 लाख रुपए से अधिक है। घटना के बाद रोते बिलखते बिंदु देवी उनके पति और साथ में एक छोटा पोता कोतवाली थाने पर पहुंचे और लिखित शिकायत की। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

**बड़े चाचा ने दान में दिया था -दिनेश प्रसाद:** दलदली रोड के रहने वाले दिनेश प्रसाद ने बताया कि बड़े चाचा स्व. भगवान दास ने धर्मशाला बनाई थी और दान दे दी थी। आधे हिस्से में धर्मशाला और आधे में अखाड़ा था। करीब 20 वर्ष से शीला देवी और उनका परिवार इसमें रह रहा है। उन्हें बार-बार खाली करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। धर्मशाला जर्जर हो चुकी है। दीवार और भवन के जर्जर होने की वजह से यह हादसा हुआ।

## दरभंगा में बाल सुधार गृह से 12 बच्चे फरारःगार्ड पर ईंट और लाठी से हमला, दीवार फांदकर भागे

**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा के लहेरियासराय स्थित बाल सुधार गृह से मंगलवार देर रात 12 बच्चे भाग गए। इस दौरान गार्ड पर भी हमला कर दिया। सुरक्षा में तैनात गार्डों पर बच्चों ने ईंट और डंडों से हमला कर दिया। इसके दीवार फांद कर भाग निकले। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस के वरीय अधिकारी मौक पर पहुंची। तुरंत छापेमारी अभियान चलाया गया। अलग-अलग जगहों से छापेमारी कर 5 बच्चों को पकड़ लिया। सभी को फिर से बाल सुधार गृह भेजा गया है। फरार बच्चों की तलाश की जा रही है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है:** एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कुल 12 बच्चे फरार हुए थे। पुलिस टीम ने अब तक 5 को पकड़ लिया है। सभी थानों को अलर्ट किया गया है।

## मतदान पूर्व तरैया में पुलिस ने किया फ़्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभा रही है। मतदान के एक दिन पूर्व बुधवार को तरैया में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। तरैया थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर तरैया बाजार, एसएच-73 और तरैया-मसरख मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए गंडार, डुमरी छपिया, फेनहारा, जयथर, पचरौर, माधोपुर, अरदेवा, जिमदाहा और डुमरी, हरखपुरा सहित क्षेत्र के कई गांवों से गुजरा। इस दौरान पुलिस जवानों ने लोगों को विश्वास और भयमुक्त होकर मतदान का संदेश दिया। चुनाव में सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि अर्धसैनिक बलों के सहयोग से लगातार फ्लैग मार्च किए जा रहा हैं और सभी चेक पोस्टों पर प्रतिदिन वाहन जांच की जा रही है। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष धीरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार, अजय कुमार, प्रभु नारायण यादव समेत अन्य पुलिस अधिकारी तथा सैप के जवान शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल, एक पटना रेफर

दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के छपिया बिंद टोली में बुधवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल तीनों युवक सानी खराटी गांव निवासी राम अवतार महतो, मुकेश महतो और राजनाथ महतो बताए गए है। घायल तीनों युवकों को स्थानीय लोगों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसरख में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने राम अवतार महतो को गंभीर हालात में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहां से भी उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए आगे इलाज के लिए पटना भेज दिया गया, जहां उसकी हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। जबकि अन्य दोनों युवकों का उपचार चल रहा है।

## गंगा स्नान कर लौट रही उपमुखिया की सड़क हादसे में हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आमी से गंगा स्नान कर बाइक से अपने घर लौट रही परसा प्रखण्ड के पचरूखी पंचायत की उपमुखिया की सड़क हादसे में बुधवार को मौत हो गई।मृतका सरिता देवी(66) भेल्दी थाने ने नारायणपुर गांव के कृष्णा सिंह की पत्नी बताई जाती है।मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के नारायणपुर गांव के कृष्णा सिंह बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर अपनी पत्नी सरिता देवी के साथ गंगा स्नान करने के लिए आमी गए हुए थे।गंगा स्नान करने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे।भेल्दी-मटिहान सड़क के बीच भगवानपुर के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से उनकी पत्नी बाइक से गिर गई।इलाज के लिए दिघवारा सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।बताया जाता है कि उपमुखिया सरिता देवी की मौत बाइक से गिरने के बाद हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई।

**मौत की खबर पर परिजनो मे मची चीख-पुकार-** उपमुखिया सरिता देवी की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पुत्र बब्लू सिंह अपनी माता का शव देखते ही फफक-फफक कर रोने लगा।पुत्री विनिता, नीलू, पिंकी, डिम्पल, अमृता सिंह का रो-रोकर बुरा हाल था।वही पौत्र रिषभ कुमार दादी की मौत पर रो रहा था।पति कृष्णा सिंह पत्नी की मौत के बाद बेसूध पड़े हुए थे।पचरूखी पंचायत की उपमुखिया सरिता देवी की मौत के बाद पंचायत के लोगो के साथ-साथ नारायणपुर गांव में मातम का माहौल है।भाजपा नेता जितेंद्र सिंह ने मृतक के परिजनो को ढांढस बढ़ाते हुए साांत्वना दिया।

## हसनपुरा में कड़ी सुरक्षा के बीच होगा विस का चुनाव

**हसनपुरा(सिवान)।** प्रखंड व नगर पंचायत के सभी 136 बूथों पर गुरुवार को बिहार विधानसभा का चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच होगा। इसको लेकर एमएच नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांच कंपनियां फोर्स की व्यवस्था की गई है जो हर बूथों के पोलिंग पार्टियों के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराना सुनिश्चित करेंगी। वहीं हसनपुरा प्रखंड अंतर्गत 136 बूथों पर पड़ने वाले मतदान में एक लाख 15 हजार 609 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें प्रखंड के108-रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों में 42 हजार 201 मतदाता शामिल हैं। वहीं 109 दारौंदा विधानसभा के 86 बूथों पर 73 हजार 408 मतदाता मतदान करेंगे। इन बूथ केंद्रों पर जिला से सामग्री लेकर पोलिंग पार्टी सुरक्षा बल के साथ पहुंच चुकी है। वहीं गुरुवार को यानी मतदान के दिन सभी बूथों का वेबकास्टिंग किया जाएगा जिससे पूरी तरह से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से मतदान संपन्न हो सके। इस कार्य को पूरा करने में बीडीओ आनंद प्रकाश सिंह, सीओ उदयन सिंह, थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा हर बिंदुओं पर नजर रखे हैं।

मतदाता सहायता वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सभी मतदाता अपने घरों से निकले और मतदान केन्द्र पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें : डीएम




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने एवं उन्हें मतदान के बाद वापस घर पहुंचाने के उद्देश से निशुल्क मतदाता सहायता वाहन को जिलाधिकारी अमन समीर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।स्थानीय समाहरणालय परिसर से छपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदाता सहायता वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला अधिकारी श्री समीर ने बताया कि आगामी 6 नवंबर को सारण के 10 विधानसभा क्षेत्र में मतदान दिवस है। जिले के 3510 मतदान केंद्रों पर विशेष आवश्यकता वाले बुजुर्ग, दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाएं एवं जरुरतमंद को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और मतदान करने के पश्चात पुनः वापस घर पहुंचाने के उद्देश से स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता सहायता वाहन चलाया जा रहा है। इस वाहन के संयोजन के लिए प्रत्येक प्रखंड के पंचायत एवं मतदान केंद्र स्तर पर विकास मित्र, जीविका दीदी एवं कर्मियों को सहायता के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। सारण जिले के विशेष आवश्यकता वाले मतदाता इस निशुल्क मतदाता सहायता वाहन का उपयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेवारी को निभाते हुए मतदान देने मतदान केंद्र पर जा सकते हैं। वह वरीय पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने कहा कि सारण जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने उद्देश से स्वीप कोषांग द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। दसों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर इस मतदाता सहायता वाहन की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसकी सहायता से मतदाता मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। वही स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि दसों विधानसभा के प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में इस कार्य को किया जा रहा है। सभी प्रखंड के मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता वाहन आवंटित कर इसके संयोजन के लिए कर्मी भी प्रति नियुक्त है। जिनके द्वारा मतदाताओं की सहायता की जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से 6 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने का आह्वान किया।इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने भी सारण जिले के सभी मतदाताओं से मतदाता सहायता वाहन का उपयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की अपील की।

## सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाया



**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के एक दिन पूर्व शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए मांझी थाना पुलिस के साथ साथ गुजरात पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए थाना क्षेत्र के महम्मदपुर चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। थानाध्यक्ष आशीष कुमार व वरीय पुलिस अधिकारियो के दिशा निर्देश पर मांझी थाना पुलिस और गुजरात पुलिस के जवानों की संयुक्त टीम ने पुरे दिन जांच अभियान चलाया।जांच के दौरान चौक से गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों को रोका गया। पुलिस टीम ने वाहनों के डिक्की, यात्रियों के बैग और अन्य सामानों की गहन जांच की। साथ ही वाहन चालकों से वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और पहचान पत्र दिखाने को कहा गया। कागजातों की कमी पाए जाने पर कई चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। जांच अभियान मे शामिल एएसआई रामजी यादव ने बताया कि यह विशेष जांच अभियान अवैध शराब, हथियार, नकदी और प्रतिबंधित वस्तुओं को रोकने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस की टीमें पूरी तरह अलर्ट हैं।

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पुलिस जांच में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें।

## सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव प्रचार मंगलवार के शाम 5 बजे थम गया। आज गुरुबार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदाता भय मुक्त होकर मतदान करेंगे। हर बूथ पर अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगे। बतादे कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य के 18 जिलों में विधानसभा की 121 सीटों के लिए 6 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

कार्तिक पूर्णिमा पर स्काउट-गाइड ने निभाई सेवा की मिसाल

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर एवं कालीघाट में 200 स्काउट गाइड ने संभाली भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी



**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर एवं कालीघाट परिसर में उमड़ी विशाल श्रद्धालु भीड़ के बीच भारत स्काउट और गाइड सारण की टीम ने अनुकरणीय सेवा भावना का परिचय दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर के पत्र के आलोक में जिले के विभिन्न यूनिटों के 200 स्काउट और गाइड स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण,अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालु मार्गदर्शन एवं व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया।भीड़ नियंत्रण कार्य का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज के निर्देशन में किया गया। इस दौरान स्काउट मास्टर मनीष कुमार गुप्ता, अमरदीप कुमार सिंह, प्रणव सिंह, आशुतोष कुमार, सोनू कुमार, अंकित श्रीवास्तव, सतीश कुमार सहित कई लीडरों की देखरेख में कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने कहा की कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों ने जिस अनुशासन, सेवा भावना और जिम्मेदारी का परिचय दिया है,वह वास्तव में प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद श्रद्धालुओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्काउटङ्गगाइड के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे युवा स्वयंसेवक समाज की सच्ची संपत्ति हैं।



## आस्था : कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मांझी के प्रसिद्ध रामघाट पर बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू में स्नान किया तथा स्थानीय हनुमान गढ़ी मन्दिर परिसर में पूजा अर्चना की। मौके पर सपरिवार रामघाट पहुंचे महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने पवित्र सरयु में स्नान किया तथा हनुमान गढ़ी मन्दिर परिसर में चल रहे अखण्ड अष्टयाम की आरती में भी शामिल हुए। उधर रामघाट पर उमड़ी हजारों की भीड़ की वजह से प्रशासन से जुड़े लोग परेशान रहे तथा पुलिस के जवान लोगों को जाम से निजात दिलाने में परेशान रहे। इधर नगर पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु बेरिकेटिंग लगाई गई थी तथा गोताखोर नौका से लगातार उनकी निगरानी कर रहे थे। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर मांझी चट्टी से घाट तक सड़क किनारे मेला लगा हुआ था। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय हनुमान गढ़ी मन्दिर परिसर में मंगलवार से शुरू अखण्ड अष्टयाम में गायक सचिता मिश्रा की टीम ने जबरदस्त धमाल मचाया। अष्टयाम की पूर्णाहुति के अवसर पर संत राम प्रिय दास के नेतृत्व में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।



## उपाधीक्षक ने पदाधिकारी संग बैठक कर की ट्रेनों की जांच

**सिवान।** रेल पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर मंडल साक्षी रत्न गौतम ने बुधवार को पदाधिकारी संग बैठक की। इसके बाद पदाधिकारियों ने ट्रेनों की जांच की। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि रेल पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर द्वारा जंक्शन पर राजकीय रेलवे पुलिस भटनी, देवरिया, रेल थाना सिवान तथा रेलवे सुरक्षा बल सिवान के साथ रेलवे सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर समन्वय बैठक किया। विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत रेल मार्ग से होने वाले शराब, गांजा आदि की तस्करी तथा अपराधों पर नियंत्रण करने के संबंध में सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल एवं समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। बताया गया कि आपस में तालमेल रखते हुए सूचना एवं जानकारी का आदान-प्रदान कर अंतर प्रांतीय बदमाशों पर कड़ी नजर रखी जा सकती है। रेलवे में अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सकता है। बिहार में अभी चुनाव का माहौल है। इस समय रेल मार्ग द्वारा विभिन्न लोगों द्वारा भारी मात्रा में कैश को ले जाने या मादक पदार्थों की तस्करी किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर ताल मेल एवं सहयोग की भावना का होना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा गाड़ी संख्या 19615 तथा 15033 को सिवान जंक्शन पर चेक किया गया, प्लेटफार्म पर निगरानी एवं रात्रि गश्त की गई।

## ट्रेन से शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने ट्रेन से शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार टास्क टीम भटनी, सिवान द्वारा गाड़ी संख्या 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर मौर्या एक्सप्रेस में जीरादेई-सिवान के मध्य कोच संख्या बी पांच अपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इस दौरान एक शराब तस्कर को अपने पिठ्ठू पर रखे पिठ्ठू बैग में से 96 बोतल शराब बरामद किया गया। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग सदर को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार तस्कर मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ वीर नारायण निवासी अनुज कुमार है।

## 250 लीटर शराब समेत एक तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना की गश्त दल ने मंगलवार की शाम शीतलपुर काली स्थान के समीप छापेमारी की। इस दौरान मौके पर एक शराब तस्कर को 250 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि पुलिस की आहट पाकर तीन तस्कर भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष डा. मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शीतलपुर कालीस्थान समीप पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान तीन तस्कर भागने में सफल रहे, जबकि कौसड़ बगीचा निवासी हरेंद्र यादव उर्फ मुर्गा यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान छह बोरी में कुल 250 लीटर शराब रखी गई थी जिसे जब्त कर ली गई। इस मामले में हरेंद्र यादव सहित अन्य तीन फरार तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।

## मुखिया के पति के निधन पर शोक

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के भगवानपुर निवासी शिक्षक सह सोंधानी पंचायत के मुखिया चांदनी कुमारी के पति मनोज कुमार मधुप का बुधवार को निधन हो गया। वे काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। इनका राजीव गांधी कैंसर रिसर्च सेंटर दिल्ली में गला का आपरेशन हुआ था। उनका चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा था। इससे तीन वर्ष पूर्व उनके छोटे भाई मृणाल मधुप का भी सर्वाइकल कैंसर से मृत्यु हो गई थी। निधन की खबर से पूरे पंचायत सहित क्षेत्र में शोक व्याप्त है। कई लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया संघ अध्यक्ष सुभाष सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख लखन मांझी, ओमप्रकाश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, राघव गुप्ता आदि शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज स्थानीय स्तर पर एक अच्छे क्रिकेटर के रूप में जाने जाते थे।

## तितिर स्तूप पर हुई भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना

**सिवान।** जीरादेई प्रखंड के तितिर स्तूप पर कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने बताया कि हिंदू मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु का पहला अवतार मत्स्य अवतार के रूप मेँ हुआ था जो प्रकृति मेँ जल ही जीवन का बड़ा संदेश देता है, वहीं बौद्ध मान्यता के अनुसार धम्मसेनापति भंते सारिपुत्र परिनिर्वाण दिवस के रूप में कार्तिक पूर्णिमा मनाया जाता है। विभिन्न पाली एवं संस्कृत स्रोतों से यह ज्ञात होता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही चक्रवर्ती सम्राट अशोक का निधन हुआ था, अतः आज का दिन उनकी स्मृति दिवस के रूप में याद किया जाता है। इस मौके पर डा. ललितेश्वर कुमार, लोकपाल प्रशांत कुमार, डा. गणेश दत्त पाठक, अभिषेक कुमार सिंह, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

### ईपिक ना हो तो 12 तरह के विकल्प में से किसी एक का उपयोग कर करें अपने मताधिकार का प्रयोग

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के पहले चरण के तहत जिलान्तर्गत सभी आठों विधानसभा के लिए मतदान छह नवंबर यानी गुरूवार को है। वहीं निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं की सहूलियत के लिए तमाम उपाय किए गए हैं. ऐसे में अगर किसी मतदाता के पास ईपिक कार्ड नहीं है तो उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वें ईपिक कार्ड के इतर अन्य 12 दस्तावेजों के जरिए भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा निर्देश भी जारी किया गया है। चुनाव को लेकर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार यदि किसी वोटर का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, लेकिन उसके पास किसी वजह से निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं है तो भी वो वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों को दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगा।

### ये दस्तावेज मतदान के लिए होंगे मान्य

- आधार कार्ड
- मनरेगा जाब कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पैन कार्ड
- भारतीय पासपोर्ट
- फोटो सहित पेंशन दस्तावेज
- केंद्र व राज्य सरकार के पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
- बैंक व डाकघर की ओर से जारी फोटोयुक्त पासबुक
- राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
- श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए अधिकारिक पहचान पत्र तथा
- भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय की तरफ से दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी

## सीवान के आठों विधानसभा के 24.50 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

### डिस्पैच सेंटरों से इवीएम व वीवीपैट लेकर रवाना हुए मतदान कर्मी

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पहले चरण के तहत जिले के आठों विधानसभा के लिए गुरूवार यानी छह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर सभी स्तर से तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए बुधवार को जिले में विधानसभावार बने डिस्पैच सेंटरों से मतदान कर्मी चुनाव समग्री सहित इवीएम व वीवीपैट लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच अपने निर्धारित कुल 2908 मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। वहीं देर शाम तक मतदान कर्मियों की मानिटरिंग एप के माध्यम से मतदान केंद्रों पर पहुंचने तक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी



सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि जिले के सभी आठों विधानसभा यथा 105 सिवान विधानसभा, 106 जीरादेई विधानसभा, 107 दरौली (अजा) विधानसभा, 108 रघुनाथपुर विधानसभा, 109 दारौंदा विधानसभा, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा व 112 महाराजगंज विधानसभा के सभी 2908 मतदान केंद्रों पर गुरूवार की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। जहां 24 लाख 50 हजार 672 मतदाता लोकमंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 13 लाख 555 पुरूष मतदाता, 11 लाख 50 हजार 66 महिला मतदाता व 51 मंगलामुखी मतदाता शामिल हैं।

**डिस्पैच सेंटरों से इवीएम व वीवीपैट लेकर रवाना हुए मतदान कर्मी** - जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर बनाए गए डिस्पैच सेंटर से संबंधित सहायक निर्वाची पदाधिकारियों की देखरेख में पीठासीन पदाधिकारियों व मतदानकर्मियों को इवीएम व वीवीपैट के अलावा सुरक्षा बल भी उपलब्ध कराते हुए वाहनों से संबंधित बूथों पर रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के वीएम उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र व बड़हरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों ने इवीएम व वीवीपैट प्राप्त किया। वहीं जीरादेई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए दारोगा प्रसाद राय इंटर कालेज तथा दरौली, रघुनाथपुर व दारौंदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए डीएवी कालेज में बने डिस्पैच सेंटर तथा गोरेयाकोठी व महाराजगंज विस निर्वाचन क्षेत्र के लिए स्वामी कर्मदेव जमुना राम उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में बने डिस्पैच सेंटर पर पार्टी का मिलान कराते हुए चुनाव से संबंधित आवश्यक सामग्री दिया गया।

## हर विधानसभा में यूथ, माडल, दिव्यांग व महिला प्रबंधित बने हैं मतदान केंद्र

**परवेज अख्तर/सीवान।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सामान्य मतदान केंद्रों के अलावा चार अन्य तरह के मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें आदर्श मतदान केंद्र के साथ-साथ इस बार विशेष रूप से वुमेन मैनेज्ड बूथ, यूथ मैनेज्ड बूथ व पीडब्लूडी बूथ बनाया गया है। इन बूथों पर पेयजल, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ सजावट कर आकर्षक रूप प्रदान किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि जिले के हर विधानसभा में एक युवा प्रबंधित, एक दिव्यांग प्रबंधित व तीन महिला प्रबंधित बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा 27 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार खासकर युवाओं को मतदान के प्रति आकृष्ट कराने के उद्देश्य से युवा प्रबंधित बूथ बनाया गया है। जहां 18 से 29 वर्ष आयुवर्ग के मतदान कार्य



में लगे पदाधिकारी से लेकर कर्मी व सुरक्षा बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस केंद्र पर युवा मतदाता मतदान करेंगे। वहीं माडल बूथ पर सामान्य बूथ से अलग व्यवस्था की गई है। इन मतदान केंद्रों को रंग-बिरंगे बैलून से आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

## सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक बिना परमिट वाले वाहनों का परिचालन पूरी तरह से रहेगा बंद

**परवेज अख्तर/सीवान।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के आठों विधानसभा के लिए गुरूवार को मतदान होगा। इसको लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि मतदान की तिथि छह नवंबर यानी गुरूवार को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक राष्ट्रीय उच्च पथ/राजकीय उच्च पथ को छोड़कर अन्य सड़कों पर बिना परमिट वाले वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। वहीं छह नवंबर को दोपहर दो बजे से रात्रि 11 बजे तक सभी प्रकार के बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश निषेध रहेगा। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि ड्राप गेट व्यवस्था के तहत मैरवा एवं गुठनी ड्राप गेट पर सभी प्रकार के बड़े एवं भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। छोटपुर बाइपास, हकाम मोड़, हरदिया मोड़, पासवान चौक, वैशाखी मोड़ तथा आंदर पेट्रोल पंप से 100 मीटर आगे सभी प्रकार के बड़े एवं भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, मरीजों के वाहन, शव वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, चुनाव कार्य से जुड़े वाहन एवं पासधारक वाहनों को इस व्यवस्था से अपवर्जित रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बिहार विधान सभा निर्वाचन के अंतर्गत छह नवंबर को मतदान संपन्न होने के उपरांत डीएवी स्कूल में स्थापित रिसिविंग सेंटर तक आने-जाने वाले सभी मतदान दलों, पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों के वाहनों के लिए सुचारू यातायात संचालन एवं नियंत्रण हेतु जिला पुलिस द्वारा अलग व्यवस्था की गई है।

### इवीएम वाहनों के लिए अलग-अलग रूट किया गया है निर्धारित :

एसपी ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था में जीरादेई विधानसभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के इवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) मैरवा-सिवान रोड-दारोगा राय कालेज-बाईपास होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड़ होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। वहीं बड़हरिया विधानसभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के इवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) बाइपास रोड-बैशाखी मोड़-हरदिया मोड़, स्टेशन मोड़, स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। वहीं गोरियाकोठी एवं महाराजगंज विधानसभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के इवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) वैशाखी मोड़-बाइपास रोड-हरदिया मोड़-स्टेशन मोड़-स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। दारौंदा विधानसभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के इवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) हरदिया मोड़-स्टेशन मोड़-स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। रघुनाथपुर, असांव, आंदर एवं दरौली विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) सिवान आंदर मार्ग आंदर ढाला होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। एमएच नगर, सिसवन, चौनपुर एवं हुसैनगंज विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के इवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) सिसवन-सिवान मार्ग-सिसवन ढ़ाला स्टेशन मोड़-स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे।

## जिले में मना सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व

**सिवान।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के बड़ी मस्जिद चौक बाजार के समीप अवस्थित गुरुद्वारा में बुधवार को सिख धर्म के संस्थापक तथा प्रथम गुरु गुरुनानक का 556वां जन्म दिवस प्रकाश पर्व पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सबद-कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं देर शाम तक लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं पटना साहिब तख्त श्री हरिमंदिर साहब के रागी जत्था सरदार योगेंद्र सिंह व उनकी टीम ने अपने सबद- कीर्तन प्रस्तुत कर सबको मुक्त कर दिया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ने गुरु नानक के व्यक्तित्व व कृत्वित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। बताया कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं, जिनमें एक ओंकार (ईश्वर एक है), नाम जपना (ईश्वर का स्मरण), किरत करना (ईमानदारी से कर्म), वंड छकना (बांट कर खाना), और महिलाओं का सम्मान शामिल हैं। उन्होंने मानवता और एकता का संदेश दिया, जो जीवन में सफलता दिला सकता है। इस मौके पर हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, हुजूर सिंह, रंजीत सिंह, अवतार सिंह, सरनजीत कौर, प्रीतम कौर, रंजीत कौर, परमजोत कौर, जसविंदर कौर सहित महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 1950 पर डायल कर जान सकते हैं अपना बूथ व वोटर लिस्ट में नाम

**सीवान।** लोकतंत्र में मतदान प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से मतदाता अपनी पंसद के प्रतिनिधियों का चुनाव करते है। 18 साल की आयु पूरी करने वाले हर नागरिक को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रुप से करना चाहिए। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए कही। उन्होंने बताया कि यदि किसी वोटर को मतदाता पर्ची नहीं मिली है तो वे 1950 पर डायल कर अपने बूथ व वोटर लिस्ट में अपने नाम की जानकारी ले सकते हैं। इससे उन्हें अपना बूथ व नाम ढूंढ़ने में परेशानी नहीं होगी।

## आपरेशन अमानत के तहत यात्री का झोला बरामद

**सिवान।** आरपीएफ ने आपरेशन अमानत के तहत ट्रेन में छूट झोला को बरामद कर यात्री को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि 31 अक्टूबर की सुबह 11-15 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सिवान को एक सूचना प्राप्त हुई। सूचना गाड़ी संख्या 02864 में बर्थ नंबर 60 कोच संख्या बी चार में एक यात्री भीम सेन राव का एक सफेद गुलाबी कलर का झोला छूट जाने के संबंध में थी। सूचना के आधार पर जब गाड़ी संख्या 02864 सिवान पहुंची तो हेड कांस्टेबल मनोज कुमार शाह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना वर्णित स्थान से झोले को बरामद किया और उसे सुरक्षित रूप से बल पोस्ट पर जमा कर दिया। बरामदगी के तुरंत बाद इसकी सूचना मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी को दी गई और साथ ही उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर पर यात्री को भी झोले सुरक्षित होने की जानकारी दी गई। बुधवार को एक व्यक्ति सहायक उपनिरीक्षक मयंक भूषण तिवारी के समक्ष बल पोस्ट पर उपस्थित हुए। उन्होंने अपना परिचय भीमसेन राव के रूप में दिया। बताया कि देवरिया में उतरते समय उनका झोला छोटे-मोटे सामान के साथ भूल से छूट गया था। घर पहुंचने पर उन्हें ध्यान आया, इसके बाद उन्होंने मदद के लिए रेल मदद हेल्पलाइन 139 पर सूचना दर्ज कराई। उसी दिन उन्हें सिवान आरपीएफ पोस्ट से उनका पर्स सुरक्षित बरामद होने की सूचना मिली थी, इसलिए वे अपनी यात्रा टिकट और आधार के साथ अपना झोला लेने आए । सामान उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### सीवान - 76 प्रत्याशियों मैदान में, आठ को जनप्रतिनिधि बनाने को आज होगा मतदान

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर गुरूवार को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 76 प्रत्याशी चुनावी दंगल में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन उम्मीदवारों में से आठ प्रत्याशियों का चयन मतदाता अपने जनप्रतिनिधि के रूप में करने के लिए मतदान करेंगे। बता दें कि 105 सिवान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 13, 106 जीरादेई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10, 107 दरौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से छह, 108 रघुनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सात, 109 दारौंदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सात, 110 बड़हरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 11, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 तथा 112 महाराजगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात घायल

**सिवान।** जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में मंगलवार की रात सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पहली घटना जिले के रघुनाथपुर- आंदर मुख्य पथ पर स्थित चकरी गांव के समीप हुई, जहां अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार को धक्का मारकर फरार हो गया। इसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान रघुनाथपुर निवासी पुष्कर कुमार, विजय कुमार व आंदर निवासी संदीप साह व टुनटुन कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी घटना सिवान-छपरा मुख्य पथ पर दारौंदा के समीप हुई, जहां कार टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पचरूखी निवासी संजय राय, आशुतोष कुमार व वकील राय के रूप में हुई।

## चुनाव को शांतिपूर्ण चुनाव कराना हमारा दायित्व है

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज व गोरेयाकोठी विधानसभा के लिए मुख्यालय स्थित एसकेजेआर उच्च विद्यालय में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। जहां से मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री का वितरण, मजिस्ट्रेट एवं पीठासीन पदाधिकारी को ईवीएम का वितरण किया गया। उसके पहले बुधवार को डीएम डा. आदित्य प्रकाश, एसपी मनोज कुमार तिवारी ने पहुंचकर दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप साबित कर दीजिए कि आपने इस मुकाम को सफलता पूर्वक साबित कर एक मिसाल कायम किया है। डीएम ने कहा कि यदि कोई परेशानी होती है तो संबंधित सेक्टर पदाधिकारी से संपर्क करें। सुबह 5.30 से मार्क ड्रिल करें। गुरुवार का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण है। डीएम ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर लाइव टेलीकास्ट है। मोबाइल फोन पूरी तरह वर्जित है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर आंगनबाड़ी सेविका, पूर्वाह्न, स्काउट गाइड का एक जवान, रसोईया की तैनाती की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप खरे उतरेंगे। चुनाव को ले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। 10 जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं जो पूरी तरह मुस्तैद हैं। इसके साथ ही अलग-अलग कंपनी की फोर्स तैनात हैं जो अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। हम सब का दायित्व है कि शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान कराएं। इस मौके पर एसडीओ अनीता सिन्हा, एसडीपीओ अमन, डीसीएलआर अमन आनंद, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## सीवान : यूपी बार्डर हुआ सील, बड़े गाड़ियों के आने पर पाबंदी

### बिहार से यूपी जानेवाली गाड़ियों पर नहीं लगी है रोक

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के 24 घंटे पूर्व यूपी- बिहार सीमा को बिहार पुलिस ने पूरी तरह सील कर दिया है। सीमा सील होने के बाद उत्तर प्रदेश से बड़ी गाड़ियां जैसे बस, ट्रक जैसे बड़े वाहन के साथ कामर्शियल गाड़ियों का आना-जाना बिलकुल बंद हो गया है। हालांकि बिहार के तरफ से बड़ी गाड़ियों को अभी जाने दिया जा रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश से आने वाले छोटे गाड़ियों की जांच पड़ताल के बाद ही बिहार की सीमा में प्रवेश कराया जा रहा है। बार्डर सील होने से दिल्ली-पंजाब से आने वाली एसी कोच बसें और दर्जनों ट्रक से श्रीकलपुर चेक पोस्ट के उधर मेहरौना के तरफ ही रोक दिया जा रहा है। साथ ही अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती अब चेक पोस्ट से हटाकर बूथों पर कर दिया गया है। इस कारण बिहार पुलिस बल के जवान और होमगार्ड के जवान ही चेक पोस्ट पर तैनात कर दिए गए हैं। बुधवार की दोपहर श्रीकलपुर चेक पोस्ट पर केवल होमगार्ड के जवान व एक पुलिस पदाधिकारी ही तैनात रहे। लेकिन पूरी तरह से उत्तर प्रदेश से आने वाले सभी गाड़ियों की विधिवत जांच करने के बाद ही बिहार में प्रवेश कराया जा रहा था। साथ ही बड़े वाहनों के प्रवेश पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस संबंध में गुठनी सीओ डा. विकास कुमार ने बताया कि मतदान के 24 घंटे पूर्व उत्तरप्रदेश और बिहार बार्डर को सील किया गया है और उत्तर प्रदेश से आने वाली गाड़ियों की विधिवत जांच पड़ताल करने का आदेश वरीय पदाधिकारी द्वारा दिया गया है। वरीय पदाधिकारी के आदेश पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## आपरेशन अमानत के तहत छूट हुआ पर्स बरामद

**सिवान।** आपरेशन अमानत के तहत ट्रेन में छूट हुआ पर्स आरपीएफ ने बरामद कर यात्री को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि तीन नवंबर की सुबह पांच बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सिवान को एक सूचना प्राप्त हुई। यह सूचना गाड़ी संख्या 11123 में बर्थ नंबर 18 कोच संख्या बी चार में एक यात्री का पर्स छूट जाने के संबंध में थी। इसमें 15 सौ नकद थे। इस सूचना के आधार पर उसी दिन जब गाड़ी संख्या 11123 सिवान पहुंची तो कांस्टेबल बबलू कुमार यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना वर्णित स्थान से पर्स को बरामद किया और उसे सुरक्षित रूप से बल पोस्ट पर जमा कर दिया। बरामदगी के तुरंत बाद इसकी सूचना मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी को दी गई और साथ ही उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर पर यात्री को भी वालेट सुरक्षित होने की जानकारी दी गई। बुधवार को एक व्यक्ति सहायक उपनिरीक्षक मयंक भूषण तिवारी के समक्ष बल पोस्ट पर उपस्थित हुए। उन्होंने अपना परिचय प्रदीप कुमार जायसवाल के रूप में दिया। जायसवाल ने अवगत कराया कि तीन नवंबर को गाड़ी संख्या 11123 में के तहत बर्थ 18, 21, और 22, कोच बी चार यात्रा कर रहे थे। देवरिया में उतरते समय उनका पर्स बर्थ नंबर 18 पर ही भूल से छूट गया था। घर पहुंचने पर उन्हें ध्यान आया, जिसके बाद उन्होंने मदद के लिए रेल मदद हेल्पलाइन 139 पर सूचना दर्ज कराई।

## सारण के रण में 10 सीटों पर 29 लाख से अधिक मतदाता 108 उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

**सारण।** सारण जिले के 10 विधानसभा सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होगा। जिले के एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, मढ़ौरा, छपरा, गड़खा, अमनौर, परसा और सोनपुर सीट पर मतदान होगा। जिसके बाद सभी उम्मीदवार अपनी किस्मत को ईवीएम में बंद होने का इंतजार कर रहे हैं।

दसों विधानसभा सीटों के लिए होने वाले इस मतदान में 29 लाख से अधिक मतदाता 108 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। सारण में इस बार कुल 29,10,309 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 15,36,942 एवं महिला मतदाता 13,73,353 वहीं अन्य मतदाता 14 हैं। जिले में कुल मतदान केंद्र 3,510 हैं, जिनमें महिला मतदान केंद्र 20 जो कि महिलाएं द्वारा संचालित होगी वहीं दिव्यांग मतदान केंद्र 10 बनाया गया है जो दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा जबकि मॉडल मतदान केंद्र की संख्या 20 होगी। गुरुवार का दिन सारण में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और रिकॉर्ड तोड़ मतदान कराना प्रशासन के लिए एक चुनौती होगी.

सारण क्षेत्र जो हमेशा से दो धाराओं, बाहुबल और जातीय समीकरणों की भूमि रही है। सारण में कई विधानसभा में यादव, राजपूत, बनिया और कायस्थ मतदाताओं का प्रभाव निर्णायक रहा है। छपरा, अमनौर, तरैया, बनियापुर और मांझी जैसी सीटों पर इन्हीं समीकरणों के इर्द-गिर्द ध्रुवीकरण देखने को मिलता है। प्रचार के आखिरी दौर में विकास के वादों से ज्यादा जल जमाव, बाढ़, गंदगी,कचरा, पलायन और रोजगार के साथ- साथ एंटी-इन्कम्बेंसी, लालू के जंगलराज और स्थानीय मुद्दे मतदाताओं के बीच चर्चा में रहे। इस बार चुनाव में आरजेडी एंटी-इन्कम्बेंसी को साधने की कोशिश में है, जबकि भाजपा और जदयू अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री के विकास कार्यों और प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वहीं कुछ सीटों पर गड़खा, छपरा और मांझी विधानसभा के सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार दोनों प्रमुख गठबंधनों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं, जो किसी भी पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगा सकते हैं। कुल मिलाकर सारण का चुनावी मैदान इस बार भी कांटे की टक्कर का गवाह बनने जा रहा है। अब उम्मीदवार अपने भाग्य का फैसला जनता-जनार्दन के हाथों में छोड़कर आगे की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। चुनावी नतीजे जो भी हों, सारण का यह चुनावी संग्राम बिहार की राजनीति को एक नई दिशा जरूर देगा।